# चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

**श्रावस्ती।** नवीन मॉडर्न क्षेत्र के अमारेभरिया निवासी मोतीराम के घर नकबजनी कर नकदी व आभूषण उड़ाने वाले चोरों को बुधवार को पुलिस ने दबोच लिया। चोरों के पास से चोरी के नकद रुपये व आभूषण बरामद हुए।

**अमारेभरिया गांव में 13 जुलाई को हुई थी वारदात**

सीओ इकौना आलोक कुमार सिंह ने बताया कि 13 जुलाई की रात अमारेभरिया निवासी मोतीराम के घर चोरों ने दस्तक दी थी। घर की दीवार में नकब लगाकर चोर 50,000 रुपये नकद, एक जोड़ी सोने की कान की बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक सोने का मटर माल उठा ले गए थे।

मोतीराम की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर नवीन मॉडर्न थाना प्रभारी जयहरि मिश्रा टीम के साथ जांच कर रहे थे। इस दौरान मंगलवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस टीम ने मरवटिया नहर पुल से कल्याणपुर जाने वाली नहर पटरी पर स्थित पीपल के पेड़ के पास से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। चोरों के पास से चोरी के 41,400 नकद, चोरी में प्रयुक्त लोहे का सब्बल और चोरी किए गए सभी आभूषण बरामद हुए। चोरों की पहचान अमारेभरिया के मजरा मलपुरवा निवासी रोहित वर्मा, परशुरामपुरवा के मजरा दम्मारा निवासी लालबाबू, वीरपुर निवासी राजू व कटरा बाजार निवासी पदुम के रूप में हुई है। सभी को न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।



नवीन मार्डन श्रावस्ती पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। - स्रोत: पुलिस